केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद

केंद्रीय विद्यालयों में रिक्त स्थानों के लिए प्रवेश सूचना 2026-27

1 शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए के.वि.सं अहमदाबाद संभाग के अधीनस्थ केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा II तथा उससे उपर की कक्षाओं में रिक्त स्थानों(यदि कोई हो) में प्रवेश हेतु पंजीकरण ऑफलाइन मोड (In offline mode) द्वारा दिनांक 08.05.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 14.05.2026 सायं 4:00 बजे तक किया जा सकेगा। विधिवत भरे हुए फॉर्म को संबंधित के.वि. में प्राचार्य के कार्यालय में जमा करवाना होगा।

2 कक्षा II एवं उससे ऊपर की कक्षाओं में रिक्त स्थानों (यदि कोई हो) हेतु प्रवेश, पंजीकरण प्रपत्रों से संबंधित समस्त जानकारी एवं समय-सारणी के.वि.सं क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद की वेबसाइट (https://roahmedabad.kvs.gov.in) एवं केन्द्रीय विद्यालयों की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी तथा पंजीकरण/प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु के.वि.सं क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार किए जाएंगे।

3 केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश, के.वि.सं प्रवेश दिशानिर्देशिका 2026-27 के अनुसार किया जाएगा। यदि संवीक्षा के दौरान आवेदन पत्र में कोई गलत अथवा भ्रामक जानकारी पाई जाती है, तो केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अथवा उसके पश्चात भी प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

4 प्राचार्य/ प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाए जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही संपर्क करें।